आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 10.12.2025 समय : 18.30 पीएम

- जयपुर में आज प्रवासी राजस्थानी दिवस का भव्य आयोजन– मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा–प्रदेश की विरासत, संस्कृति, आधारभूत संरचना इसकी सबसे अलग पहचान बनाती है।

- गृहमंत्री अमित शाह ने विपक्ष पर एसआईआर के बारे में भ्रम फैलाने का आरोप लगाया।

- दीपावली के त्यौहार को यूनेस्को ने मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल किया।

- जयपुर टाइगर फेस्टिवल कल से जवाहर कला केंद्र में शुरू होगा।

000

जयपुर में आज प्रवासी राजस्थानी दिवस आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देश–विदेश में बसे प्रवासी राजस्थानी भाग ले रहे हैं। इस दिवस को मनाने का मकसद राज्य के प्रवासी नागरिकों को उनकी जड़ों से जोड़ना तथा प्रदेश के विकास में उन्हें सहभागी बनाना है। गुलाबी नगरी के जेईसीसी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कई केंद्रीय मंत्री, राज्य मंत्रिपरिषद के सदस्य, कई नामी उद्योगपति, देश–विदेश से आए प्रवासी राजस्थानी और गणमान्यजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने प्रवासी राजस्थानियों का आह्वान किया कि वे मातृभूमि का कर्ज चुकाने यहां अधिक से अधिक निवेश करें। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि राजस्थान संभावनाओं का प्रदेश है और यहां व्यापार की अपार संभावनाएं हैं। श्री शर्मा ने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों ने देश और दुनिया मे अपना नाम कमाया है फिर भी वे हमेशा अपनी जड़ों से जुड़े रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मिनरल्स के प्रचुर भंडार हैं और यहां की विरासत, संस्कृति और आधारभूत संरचना इस प्रदेश को सबसे अलग बनाती है। उन्होंने प्रवासी राजस्थानियों का आह्वान किया कि वे राजस्थान में निवेश के लिए आगे आएं और उन्हें सरकार की ओर से हर संभव सहयोग दिया जाएगा।

..................

कार्यक्रम केंद्रीय उद्योग और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने राजस्थान को परंपरा, आधुनिकता, विकास और विरासत के अद्भुत संतुलन वाला राज्य बताते हुए कहा कि प्रदेश के पास डेमोग्राफिक डिविडेंड, डिपेण्डेबिलिटी, डिसाइसिवनेस, डिवोशन, डिमाण्ड और डाइवर्सिटी की अद्भुत क्षमता है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की सबसे बड़ी ताकत इसकी डेमोग्राफिक डिविडेंड यानी विशाल युवा शक्ति है, जिनके दम पर राज्य तेजी से प्रगति की ओर बढ़ रहा है।

.......................

पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि राजस्थान के विकास में प्रवासी राजस्थानियों का योगदान ऐतिहासिक और अनुकरणीय रहा है। कार्यक्रम में देश के कई विख्यात उद्योगपतियों ने भी अपने विचार साझा किये। वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कहा कि राजस्थान की धरती के नीचे छिपा खनिज भंडार पूरे देश को ऊर्जा, धातु और प्राकृतिक संसाधनों के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की क्षमता रखता है।

टाटा पावर के सीईओ और एमडी प्रवीर सिन्हा ने कहा कि राज्य में 800 गीगावाट सौर और 200 गीगावाट पवन ऊर्जा उत्पादन की क्षमता मौजूद है। कार्यक्रम के दौरान 1 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों की ग्राउंड ब्रेकिंग की गई, जिससे राइजिंग राजस्थान समिट के बाद से धरातल पर उतरी परियोजनाओं की कुल राशि बढ़कर 8 लाख करोड़ रुपये पहुंच गई है।

कार्यक्रम में देश–विदेश में विशिष्ट उपलब्धियां हासिल करने पर अनिल अग्रवाल, कुमार मंगलम बिड़ला, विनीत मित्तल, अजय पीरामल, माधव सिंघानिया, पूनमचंद राठी, नरसी कुलरिया, सी.एम. मूंदड़ा और प्रदीप राठौड़ को 'प्रवासी राजस्थानी सम्मान' से नवाज़ा गया। इस अवसर पर विभिन्न

सैक्टर से जुड़े सत्र भी आयोजित किये गये। शाम को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जा रहा है।

000

गृहमंत्री अमित शाह ने विपक्ष पर एसआईआर के बारे में भ्रम फैलाने का आरोप लगाया है। आज लोकसभा में चुनाव सुधारों पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए श्री शाह ने कहा कि हमारा संविधान निर्वाचन आयोग को मतदाता सूची तैयार करने का अधिकार देता है और एसआईआर मतदाता सूची को सुधारने की प्रक्रिया है। उन्होंने विपक्ष विशेषकर कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वो एसआईआर प्रक्रिया के लिये सहयोग नहीं दे रही है।

..................

इससे पहले चर्चा में भाग लेते हुए कांग्रेस नेता के.सी. वेणुगोपाल ने कहा कि मतदान का अधिकार लोकतंत्र का मूलभूत सिद्धांत है। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग पक्षपातपूर्ण होता जा रहा है। उन्होंने बिहार में बड़े पैमाने पर मतदाता सूची से नाम हटाए जाने का मुद्दा भी उठाया। भाजपा नेता रवि शंकर प्रसाद ने कहा कि विपक्ष जब भी हारता है, वह चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाता है।

उन्होंने कहा कि बिहार में कांग्रेस के इतनी रैलियां करने और एसआईआर की आलोचना करने के बावजूद विधानसभा चुनावों में उसे केवल कुछ ही सीटें मिल पाईं। तृणमूल कांग्रेस की शताब्दी रॉय ने आरोप लगाया कि एसआईआर का संचालन लोगों को परेशान करने के लिए किया जा रहा है और यह राजनीतिक रूप से प्रेरित है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज लोगों से 'आपका पैसा, आपका अधिकार' अभियान में भाग लेने का आह्वान किया। लिंक्डइन पर एक पोस्ट साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह नागरिकों के लिए एक भूली हुई वित्तीय संपत्ति को एक नए अवसर में बदलने का मौका है।

000

भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी सुनील शर्मा ने आज राज्य सूचना आयुक्त के पद की शपथ ग्रहण की। राज्य सूचना भवन में आयोजित एक समारोह में, मुख्य सूचना आयुक्त मोहन लाल लाठर ने श्री शर्मा को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में आये विशिष्टजन और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

000

भारत के प्रमुख त्योहार दीपावली को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन – यूनेस्को ने अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में शामिल किया है। इसकी घोषणा करते हुए संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि यह प्रत्येक भारतीय के लिए एक भावुक क्षण है। उन्होंने कहा कि दीपावली केवल मनाई ही नहीं जाती, बल्कि इसे पीढ़ियों तक महसूस किया जाता है। श्री शेखावत ने प्रवासी भारतीयों की भूमिका को भी स्वीकार किया जिन्होंने दीपावली के संदेश को विभिन्न महाद्वीपों तक पहुंचाया है और सांस्कृतिक जुड़ाव को मजबूत किया है।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि भारत एक ऐसा राष्ट्र बनने के लिए प्रतिबद्ध है जहां मानवाधिकारों की न केवल रक्षा की जाती है बल्कि उनका सम्मान भी किया जाता है। नई दिल्ली में अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस और दैनिक आवश्यकताओं को सुनिश्चित करने पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि गरिमा पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता और किसी को भी उसके अधिकारों से वंचित नहीं किया जाना चाहिए।

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत ने मानवाधिकारों के वैश्विक ढांचे को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विश्व मानवाधिकार दिवस पर राज्य में भी कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। करौली में महिलाओं और श्रमिकों के अधिकारों पर केंद्रित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में वक्ताओं ने समान वेतन, सुरक्षित कार्यस्थल, स्वास्थ्य और लैंगिक समानता पर बल दिया। कोटापूतली–बहरोड़ में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। अजमेर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

000

देश में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 160 रेलवे स्टेशनों के पुर्निमाण का काम पूरा हो चुका है। आज लोकसभा में पूरक प्रश्न के उत्तर में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस योजना के तहत विकास के लिए एक हजार तीन सौ से अधिक स्टेशनों की पहचान की गई है, जिनमें पुर्निमाण शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि यह आज के समय में पूरे विश्व में सबसे बड़ा स्टेशन रिकंस्ट्रक्शन प्रोग्राम है।

000

जयपुर के जवाहर कला केंद्र में कल से जयपुर टाइगर फेस्टिवल आयोजित किया जाएगा। राजस्थान हेरिटेज, आर्ट एंड कल्चरल फाउंडेशन की ओर से जवाहर कला केन्द्र की सहभागिता में यह आयोजन 14 दिसंबर चलेगा। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े कल फेस्टिवल का उद्घाटन करेंगे। चार दिन के इस फेस्टिवल में सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक फोटो–स्केच प्रदर्शनी, वर्चुअल शो, स्टोरी टेलिंग, पंचतंत्र कथाएं, साहित्यिक संवाद, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और ओपन स्टेज सहित कई विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। फेस्टिवल में बाघ संरक्षण, एथिकल सफारी, प्रकृति–प्रेम और जिम्मेदार पर्यटन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर आधारित विशेष चर्चाएँ भी होंगी। साथ ही वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली हस्तियों और प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया जाएगा।

000

पूर्वोत्तर दूरदर्शन राजभाषा सम्मेलन आज सिरोही ज़िले के आबूरोड़ में शुरू हुआ। दूरदर्शन के महानिदेशक के. सतीश नंबूदिरीपाद उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि थे। दूरदर्शन महानिदेशालय और जयपुर दूरदर्शन केंद्र की ओर से आयोजित दो दिन के इस सम्मेलन का उद्देश्य राजभाषा हिंदी के प्रभावी उपयोग और प्रचार–प्रसार को बढ़ावा देना है। समारोह में दूरदर्शन के अपर महानिदेशक वेदप्रकाश और देशभर से आए अधिकारियों ने भाग लिया। पहले दिन के सत्रों में सरकारी कामकाज और दूरदर्शन नेटवर्क में हिंदी के अनुपालन पर विस्तृत चर्चा हुई। कल भी विभिन्न सत्र और कार्यशालाएं होंगी।

000